सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-136
22/03/2018

मुख्यमंत्री ने पटना हवाई अड्डा पर उप राष्ट्रपति की आगवानी की

पटना, 22 मार्च 2018 :– उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू के पटना पहुॅचने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना हवाई अड्डा पर पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

बाद में उप राष्ट्रपति को स्टेट हैंगर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया एवं मुख्यमंत्री ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष, बिहार विधान परिषद के उप सभापति तथा अपने मंत्रिमण्डल सहयोगियों से परिचय कराया।

मुख्यमंत्री ने बिहार दिवस समारोह से भाग लेकर लौटने के बाद पटना हवाई अड्डा पर उप राष्ट्रपति को सादर विदाई भी दी।

******